an>

Title: Regarding merging of Rail Factory, Jamalpur and Bharat Wagon Engineering works, Mokama.

श्रीमती वीणा देवी (मुंगेर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर में स्थित रेल कारखाना जमालपुर में भारत वैगन इंजीनियरिंग वर्क्स मोकामा के विलय की मांग करती हूं। अगर दोनों का विलय हो जाता है तो वहां के हजारों कर्मचारियों एवं क्षेत्र की जनता के परिवारों का भविÂय उज्जवल हो जाएगा। वहां स्थिति बहुत खराब है। बिजली काट दी गई है, पानी भी बंद कर दिया गया है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि कर्मचारियों को परेशान न करते हुए कारखाना चालू करने के साथ आवश्यक मानवीय आधार पर उन्हें फिर से सुविधा दी जाए।